**पॉलिथीन बैग हटाने के बाद पेपर सील खोले बगैर इस तरफ से उत्तर शीट को बाहर निकालें ।**
**After removing the Polythene Pack, without opening the Paper seal take out Answer Sheet from this side.**

**Q.B. Sr. No.**

# GSP

**परीक्षा का वर्ष : 2025**

**प्रश्न-पुस्तिका**

**प्रश्न-पुस्तिका शृंखला**

**A**

**अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में बॉक्स के अन्दर लिखें**

**शब्दों में**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

## द्वितीय प्रश्न-पत्र
## सामान्य बुद्धिमत्ता परीक्षा
## (General Aptitude Test)

**समय : 02:00 घंटे** | **Time : 02:00 Hours**
**पूर्णांक : 150** | **Maximum Marks : 150**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

### महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अनुक्रमांक के अतिरिक्त कुछ न लिखें ।
2. **यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक त्रुटि हो तो प्रश्न के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।**
3. **अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक, विषय-कोड एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज का अंकन OMR Answer Sheet में निर्दिष्ट कॉलम में सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।**
4. **अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु केवल प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) के अन्त में दिये गये पृष्ठों का ही उपयोग करें । अलग से इस हेतु वर्किंग शीट उपलब्ध नहीं करायी जायेगी ।**
5. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100** प्रश्न **वस्तुनिष्ठ प्रकार (Objective Type)** के हैं । प्रत्येक प्रश्न **1.5** अंक का है, जिसमें खण्ड–**1** में कुल **80** प्रश्न तथा खण्ड–**2** में कुल **20** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर, प्रश्न के नीचे (a), (b), (c) एवं (d) दिये गये हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक (ओ.एम.आर. आंसर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला/नीला कर दें ।**
6. प्रश्न–पुस्तिका में अंकित सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
7. यह प्रश्न–पत्र अर्हकारी प्रकृति का है, इसमें समस्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम **33** प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है ।
8. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति **(Objective Type)** की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु दिए गए गलत उत्तर के लिए या अभ्यर्थी द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का **एक-चौथाई** अंक दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
9. अपने उत्तर आपको अलग से दिये गये ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) में अंकित करने हैं । **आपके द्वारा सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर ही दिया जाना अनिवार्य है ।** ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा ।
10. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में वांछित सूचनाओं को अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व भरा जाना अनिवार्य है ।
11. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) तीन प्रतियों (मूल प्रति, कार्यालय प्रति एवं अभ्यर्थी प्रति) में है । परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की मूल प्रति एवं कार्यालय प्रति अन्तरीक्षक (Invigilator) को हस्तगत करने के उपरान्त ही कक्ष छोड़ें, अन्यथा की स्थिति में आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की अभ्यर्थी प्रति, अभ्यर्थी अपने साथ ले जा सकते हैं ।**
12. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक प्रतीक्षा करें, जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।
13. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अभ्यर्थी द्वारा अंकित सीरीज कोड (A, B, C, D) के आधार पर ही किया जायेगा ।
14. प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) में से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) निकालने के पश्चात् ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरियल क्रमांक का मिलान अवश्य कर लें, यदि ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरियल क्रमांक भिन्न-भिन्न हों, तो उसे तुरन्त अन्तरीक्षक (Invigilator) से परिवर्तित कराकर समान क्रमांक की ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें । यदि उक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।


**जब तक कहा न जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

महत्त्वपूर्ण : **प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका पॉलीपैक्ड न हो अथवा कोई अन्य कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

## UNIT-1

**1.** A, B and C are sisters. D is the brother of E and E is the daughter of B. How A is related to D ?
(a) Sister (b) Niece
(c) Maternal Aunty (Mausi) (d) Maternal Sister

**2.** The number given in the Venn diagram is the number of persons reading the newspaper.




Then the number of persons reading only two newspapers are :
(a) 25 (b) 35 (c) 24 (d) 45

**3.** **Statements :** (i) All windows are carpets.
(ii) Some carpets are rats.
**Conclusions :** (I) All rats are carpets.
(II) All carpets are windows.
(III) All windows are rats.
(IV) All rats are windows.
Then which conclusion follows ?
(a) Only (II), (III) and (IV) follow. (b) Only (I), (II) and (IV) follow.
(c) Only (I), (II) and (III) follow. (d) None of these follow.

**4.** **Statements :** (i) Some teachers are advocates.
(ii) Some players are teachers.
**Conclusions :** (I) All players are advocates.
(II) All advocates are players.
(III) Some advocates are teachers.
Then which conclusion follows ?
(a) Only (I) (b) Only (II)
(c) Only (III) (d) None of (I), (II) and (III)

**5.** If 'a' means '+', 'b' means '–', 'c' means '×' and 'd' means '÷', then the value of 6a7b8c8d2a50 is :
(a) 31 (b) –31 (c) 5 (d) –5

**6.** **Statement :** United Nations has adopted 21$^{st}$ June as 'World Yoga Day'. This has promoted India's glorious tradition all over the world.
**Conclusions :** (I) Yoga is practised only on 21$^{st}$ June.
(II) More people are coming to India to practise Yoga.
Then which conclusion follows ?
(a) Only (I) (b) Only (II) (c) Neither (I) nor (II) (d) Both (I) and (II)


**7.** The smallest number of six digits which is completely divisible by 111 is :
(a) 111111 (b) 110001 (c) 100111 (d) 999000

## खण्ड-1

**1.** A, B और C बहनें हैं । D, E का भाई है और E, B की बेटी है । A, D से किस प्रकार से संबंधित है ?

(a) बहन (b) भानजी (c) मौसी (d) ममेरी बहन

**2.** वेन आरेख में दी गयी संख्या, समाचार-पत्र पढ़ने वाले व्यक्तियों की संख्या है ।




तब, केवल दो समाचार-पत्र पढ़ने वाले व्यक्तियों की संख्या है :

(a) 25 (b) 35 (c) 24 (d) 45

**3.** **कथन :** (i) सभी खिड़कियाँ कालीन हैं ।
(ii) कुछ कालीन चूहे हैं ।

**निष्कर्ष :** (I) सभी चूहे कालीन हैं ।
(II) सभी कालीन खिड़कियाँ हैं ।
(III) सभी खिड़कियाँ चूहे हैं ।
(IV) सभी चूहे खिड़कियाँ हैं ।

तब कौन सा निष्कर्ष अनुसरण करता है ?

(a) केवल (II), (III) और (IV) अनुसरण करते हैं । (b) केवल (I), (II) और (IV) अनुसरण करते हैं ।
(c) केवल (I), (II) और (III) अनुसरण करते हैं । (d) कोई भी अनुसरण नहीं करता है ।

**4.** **कथन :** (i) कुछ अध्यापक, अधिवक्ता हैं ।
(ii) कुछ खिलाड़ी, अध्यापक हैं ।

**निष्कर्ष :** (I) सभी खिलाड़ी, अधिवक्ता हैं ।
(II) सभी अधिवक्ता, खिलाड़ी हैं ।
(III) कुछ अधिवक्ता, अध्यापक हैं ।

तब कौन सा निष्कर्ष अनुसरण करता है ?

(a) केवल (I) (b) केवल (II)
(c) केवल (III) (d) (I), (II) और (III) में से कोई नहीं

**5.** यदि ‘a’ का अर्थ ‘+’, ‘b’ का अर्थ ‘–’, ‘c’ का अर्थ ‘×’ और ‘d’ का अर्थ ‘÷’ है, तब 6a7b8c8d2a50 का मान है :

(a) 31 (b) –31 (c) 5 (d) –5

**6.** **कथन :** संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को ‘विश्व योग दिवस’ के रूप में अपनाया है । इससे भारत की गौरवशाली परंपरा को पूरे विश्व में बढ़ावा मिला है ।

**निष्कर्ष :** (I) योग केवल 21 जून को ही किया जाता है ।
(II) अधिक लोग योग करने के लिए भारत आ रहे हैं ।

तब कौन सा निष्कर्ष अनुसरण करता है ?

(a) केवल (I) (b) केवल (II)
(c) न ही (I) और न ही (II) (d) (I) और (II) दोनों

**7.** छ: अंकों की सबसे छोटी कौन सी संख्या है जो 111 से पूर्णत: विभाजित होती है ?

(a) 111111 (b) 110001 (c) 100111 (d) 999000

8. **Statement :** Teachers in India still teach using traditional methods and are not aware of modern methods of teaching.

**Courses of Action :** (I) Orientation should be done for teachers to change their method of teaching.

(II) There should be a pay hike for teachers who teach in modern methods.

Then which course of action follows ?

(a) Only (I) follows. (b) Only (II) follows.

(c) Neither (I) nor (II) follows. (d) Both (I) and (II) follow.

9. A is three times as old as B. Four years ago, C was twice as old as A. After four years, A will be of 31 years. Then the sum of the present ages of B and C is :

(a) 54 (b) 59 (c) 56 (d) 60

10. **Statements :** (i) All flowers are trees.

(ii) No fruits are trees.

**Conclusions :** (I) No fruits are flowers.





(II) Some trees are flowers.

Then which conclusion follows ?


(a) Only (I) (b) Only (II) (c) Both (I) and (II) (d) Neither (I) nor (II)

11. Which of the following Venn diagram best represents the relation between the following groups ?

Doctors, Mothers, Females

(a)  (b)  (c)  (d) 

12. Which of the following group is best represented by the given Venn diagram ?



(a) Animals, Insects, Males (b) Country, State, Districts

(c) State, Districts, Union territories (d) Animal, Male, Female

13. **Statement :** A top institute has reduced the syllabus of mathematics in class-12.

**Assumptions :** (I) Students can score more marks than before in mathematics.

(II) This has been done to reduce the stress and burden of the students in mathematics.

Then which assumption is implicit ?

(a) Only assumption (I) is implicit.

(b) Only assumption (II) is implicit.

(c) Neither assumption (I) nor (II) is implicit.

(d) Both assumptions (I) and (II) are implicit.

8. **कथन :** भारत में शिक्षक अभी भी पारंपरिक पद्धतियों से पढ़ाते हैं और शिक्षण की आधुनिक पद्धतियों से अवगत नहीं हैं ।

**क्रियाविधि :** (I) शिक्षकों की शिक्षण पद्धति बदलने के लिए उनका ओरिएंटेशन किया जाना चाहिए ।

(II) जो शिक्षक आधुनिक पद्धतियों से पढ़ाते हैं, उनके वेतन में वृद्धि की जानी चाहिए ।

तब कौन सी क्रियाविधि अनुसरण करती है ?

(a) केवल (I) अनुसरण करती है ।
(b) केवल (II) अनुसरण करती है ।
(c) न ही (I) और न ही (II) अनुसरण करती है ।
(d) (I) और (II) दोनों अनुसरण करती हैं ।

9. A की आयु B से तीन गुना है । चार वर्ष पहले, C की आयु A से दोगुना थी । चार वर्ष बाद, A 31 वर्ष का हो जायेगा । तब B और C की वर्तमान आयु का योग है :

(a) 54
(b) 59
(c) 56
(d) 60

10. **कथन :** (i) सभी फूल, पेड़ हैं ।

(ii) कोई फल, पेड़ नहीं है ।

**निष्कर्ष :** (I) कोई फल, फूल नहीं है ।




(II) कुछ पेड़, फूल हैं ।

तब कौन सा निष्कर्ष अनुसरण करता है ?


(a) केवल (I)
(b) केवल (II)
(c) दोनों (I) और (II)
(d) न ही (I) और न ही (II)

11. निम्न में से कौन सा वेन आरेख निम्नलिखित समूहों के मध्य संबंध को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करता है ?

डॉक्टर, माताएँ, महिलाएँ

(a) 
(b) 
(c) 
(d) 

12. दिया गया वेन आरेख निम्नलिखित में से किस समूह का सबसे अच्छा प्रतिनिधित्व करता है ?



(a) पशु, कीड़े, नर
(b) देश, राज्य, जिले
(c) राज्य, जिले, केन्द्रशासित प्रदेश
(d) पशु, नर, मादा

13. **कथन :** एक प्रमुख संस्थान ने कक्षा 12 में गणित का पाठ्यक्रम घटा दिया है ।

**धारणाएँ :** (I) छात्र अब गणित में पहले से अधिक अंक प्राप्त कर सकते हैं ।

(II) यह छात्रों पर गणित के तनाव और बोझ को कम करने के लिए किया गया है ।

तब कौन सी धारणा अंतर्निहित है ?

(a) केवल धारणा (I) अंतर्निहित है ।
(b) केवल धारणा (II) अंतर्निहित है ।
(c) न तो धारणा (I) और न ही (II) अंतर्निहित है ।
(d) धारणाएँ (I) और (II) दोनों अंतर्निहित हैं ।

**14.** **Statement :** Are nuclear families better than joint families ?

**Arguments :** (I) No, joint families ensure security and also reduce the burden of work.

(II) Yes, nuclear families ensure greater freedom.

Then which argument is strong ?

(a) Only argument (I) is strong. (b) Only argument (II) is strong.

(c) Either (I) or (II) is strong. (d) Both (I) and (II) are strong.

**15.** **Statement :** Ten coaches of a passenger train have derailed and blocked both the railway tracks.

**Courses of Action :** (I) The railway authorities should immediately send men and equipments to clear the railway tracks.

(II) All the trains running in both the directions should be diverted to other routes.

Then which course of action follows ?

(a) Only (I) (b) Only (II) (c) Neither (I) nor (II) (d) Both (I) and (II)

**16.** **Statement :** The Prime Minister has made clear that his government will make concerted efforts for upliftment of poor farmers and announced an annual pension for them.

**Conclusions :** (I) Government understands that the condition of poor farmers need immediate attention.

(II) No benefits are announced for other sections of the society.

Then which conclusion follows ?

(a) Only conclusion (I) follows. (b) Only conclusion (II) follows.

(c) Neither conclusion (I) nor (II) follows. (d) Both conclusion (I) and (II) follow.

**17.** Which of the following is the most helpful in quick decision making ?

(a) Raw data (b) Tabulated data

(c) Graphical representation of data (d) Data in ascending order

**18.** Decision making begins with which one of the following ?

(a) Selecting alternatives (b) Identifying decision criteria

(c) Identifying a problem (d) Eliminating false alternative

**19.** If a person has multiple options and needs to choose the most effective one, then what should he prioritize ?

(a) Personal preference (b) Logical reasoning

(c) Random selection (d) Guess-work

**20.** **Statement :** Should school education be made free in India ?

**Arguments :** (I) Yes, this is the only way to improve the level of literacy.

(II) No, it would add to the already heavy burden on the exchequer.

Then which argument is strong ?

(a) Only argument (I) is strong. (b) Only argument (II) is strong.

(c) Neither (I) nor (II) is strong. (d) Both (I) and (II) are strong.

14. **कथन :** क्या एकल परिवार, संयुक्त परिवार से बेहतर हैं ?

**तर्क :** (I) नहीं, संयुक्त परिवार सुरक्षा प्रदान करते हैं एवं काम के बोझ को कम करते हैं ।

(II) हाँ, एकल परिवार अधिक स्वतंत्रता प्रदान करते हैं ।

तब कौन सा तर्क प्रबल है ?

(a) केवल तर्क (I) प्रबल है ।
(b) केवल तर्क (II) प्रबल है ।
(c) या तो (I) या (II) प्रबल है ।
(d) दोनों (I) और (II) प्रबल हैं ।

15. **कथन :** यात्री रेलगाड़ी के दस कोच पटरी से उतर गये तथा दोनों पटरियों को अवरुद्ध कर दिया ।

**कार्यवाही :** (I) रेलवे अधिकारियों को रेलवे पटरियों को साफ कराने के लिए तुरन्त कर्मियों एवं उपकरणों को भेजना चाहिए ।

(II) दोनों दिशाओं से चलने वाली सभी रेलगाड़ियों को अन्य मार्गों पर मोड़ना चाहिए ।

तब कौन सी कार्यवाही अनुसरण करती है ?

(a) केवल (I)
(b) केवल (II)
(c) न तो (I) और न ही (II)
(d) दोनों (I) और (II)

16. **कथन :** प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि उनकी सरकार गरीब किसानों के उत्थान के लिए समर्पित प्रयास करेगी और उनके लिए वार्षिक पेन्शन की घोषणा की है ।

**निष्कर्ष :** (I) सरकार समझती है कि गरीब किसानों की स्थिति पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है ।

(II) समाज के अन्य वर्गों के लिये कोई लाभ घोषित नहीं किए गए हैं ।

तब कौन सा निष्कर्ष अनुसरण करता है ?

(a) केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है ।
(b) केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है ।
(c) न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है ।
(d) दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं ।

17. तेज़ी से निर्णय लेने में निम्नलिखित में से कौन सर्वाधिक सहायक है ?

(a) अपरिष्कृत आँकड़े
(b) सारणीकृत आँकड़े
(c) आँकड़ों का आलेखीय प्रदर्शन
(d) आरोही क्रम में आँकड़े

18. निम्नलिखित में से किस एक के साथ निर्णय लेने की शुरुआत होती है ?

(a) विकल्पों का चुनाव
(b) निर्णय मापदण्ड को पहचानना
(c) किसी समस्या को पहचानना
(d) गलत (झूठे) विकल्प को हटाना

19. यदि किसी व्यक्ति के पास कई विकल्प हैं और उसे सबसे प्रभावी विकल्प चुनना है तो उसे किसे प्राथमिकता देनी चाहिये ?

(a) व्यक्तिगत पसंद
(b) तार्किक तर्क
(c) यादृच्छिक चयन
(d) अनुमान

20. **कथन :** क्या भारत में विद्यालयी शिक्षा मुफ्त होनी चाहिए ?

**तर्क :** (I) हाँ, साक्षरता का स्तर सुधारने का यह एकमात्र उपाय है ।

(II) नहीं, राजकोष पर भारी बोझ और ज्यादा बढ़ जायेगा ।

तब कौन सा तर्क प्रबल है ?

(a) केवल तर्क (I) प्रबल है ।
(b) केवल तर्क (II) प्रबल है ।
(c) न तो (I) और न ही (II) प्रबल है ।
(d) दोनों (I) और (II) प्रबल हैं ।

**21.** Assertion (A) and Reason (R) are given. Choose the correct option.

**Assertion (A) :** Shimla is colder than Delhi.

**Reason (R) :** Shimla is situated at a height in comparison to Delhi.

(a) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct reason of (A).

(b) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is wrong but (R) is correct.

(d) Both (A) and (R) are wrong.

**22.** Assertion (A) and Reason (R) are given. Choose the correct option.

**Assertion (A) :** In India, Judiciary is independent of Executive.

**Reason (R) :** Judiciary helps the Government and helps in implementing its policies.

(a) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct reason of (A).

(b) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is correct but (R) is wrong.

(d) Both (A) and (R) are wrong.

**23.** Which is the primary focus of Emotional Intelligence ?

(a) Technical skills (b) Relationships & Emotions

(c) Academic achievements (d) IQ score

**24.** Which of the following is not the component of Emotional Intelligence ?

(a) Social awareness (b) Self-awareness

(c) Self-regulation (d) Self-efficacy

**25.** Which of the following is a characteristic of a critical thinking ?

(a) Biased judgement (b) Emotional reasoning

(c) Open mindedness (d) Avoiding questions

**26.** Your batchmate has made you aware about certain shortcomings and the wrong deeds that you have done in your tenure. In that case, what will be your reaction ?

(a) You will loose temper. (b) You will have regrets.

(c) You will be very grateful to him. (d) You will laugh and ignore.

**27.** Assertion (A) and Reason (R) are given. Choose the correct option.

**Assertion (A) :** People of India elect their own representatives.

**Reason (R) :** India is a democracy.

(a) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct reason of (A).

(b) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is wrong but (R) is correct.

(d) Both (A) and (R) are wrong.

**21.** कथन (A) तथा कारण (R) दिये गये हैं । सही विकल्प को चुनिये ।

**कथन (A) :** शिमला दिल्ली से ज्यादा ठंडा है ।

**कारण (R) :** दिल्ली की तुलना में शिमला ऊँचाई पर अवस्थित है ।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही कारण है ।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(c) (A) गलत है परन्तु (R) सही है ।
(d) दोनों (A) तथा (R) गलत हैं ।

**22.** कथन (A) तथा कारण (R) दिये गये हैं । सही विकल्प को चुनिये ।

**कथन (A) :** भारत में न्यायपालिका, कार्यपालिका से स्वतन्त्र है ।

**कारण (R) :** न्यायपालिका सरकार की सहायता करती है तथा इसकी नीतियों के कार्यान्वयन में मदद करती है ।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही कारण है ।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(c) (A) सही है परन्तु (R) गलत है ।
(d) दोनों (A) तथा (R) गलत हैं ।

**23.** भावात्मक बुद्धि का प्राथमिक केंद्र बिन्दु क्या है ?

(a) तकनीकी कौशल (b) रिश्ते एवं भावनाएँ
(c) शैक्षणिक उपलब्धियाँ (d) बुद्धिलब्धि अंक

**24.** निम्न में से कौन सा भावात्मक बुद्धि का घटक नहीं है ?

(a) सामाजिक जागरूकता (b) आत्म-जागरूकता
(c) स्व-नियमन (d) स्व-प्रभावकारिता

**25.** निम्न में से कौन सा गुण आलोचनात्मक चिन्तन का होता है ?

(a) पक्षपाती निर्णय (b) भावनात्मक तर्क
(c) खुली मानसिकता (d) सवालों से बचना

**26.** आपके सहपाठी ने आपको आपके कार्यकाल में की गई कुछ गलतियों एवं कमियों से अवगत कराया है । ऐसे में आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी ?

(a) आप अपना आपा खो बैठेंगे । (b) आपको पछतावा होगा ।
(c) आप उनके बहुत आभारी होंगे । (d) आप हँसेंगे और अनदेखा करेंगे ।

**27.** कथन (A) तथा कारण (R) दिये गये हैं । सही विकल्प को चुनिये ।

**कथन (A) :** भारत में जनता स्वयं के प्रतिनिधियों का चुनाव करती है ।

**कारण (R) :** भारत एक लोकतन्त्र है ।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही कारण है ।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(c) (A) गलत है परन्तु (R) सही है ।
(d) दोनों (A) तथा (R) गलत हैं ।

**28.** Your boss is very strict and always keep a check upon your day to day activity that bothers you. What would be your reaction ?

(a) You will talk to your boss directly as to avoid such check.

(b) You will be very soft with your boss.

(c) You will ignore all the negative gestures of your boss and show ignorance.

(d) You will only concentrate upon your work.

**29.** Which part of visual memory system is responsible for holding a fleeting visual image for a very short time like a spark ?

(a) Iconic memory (b) Short term memory

(c) Working memory (d) Echoic memory

**30.** "As a boss of the office, one of your subordinate criticizes your distant behaviour towards the emotional wellbeing of the office staff." Which one of the following will be the close reaction to the constructive thinking ?

(a) You will ignore the comment.

(b) You will call a meeting to find a solution of this issue.

(c) You will punish the concerned staff.

(d) You will start to think for switching the office.

**31.** If "All birds can fly" is false, then what can be true ?

(a) No bird can fly. (b) Some birds can not fly.

(c) All birds can walk. (d) Birds are insects.

**32.** If the letters of English alphabets are written in reverse order, then which letter comes in the middle of the $13^{th}$ and the $25^{th}$ letter ?

(a) H (b) I (c) G (d) M

**33.** Choose the correct alternative which will complete the series :

ACT, EGG, INK, ________

(a) BYE (b) DIP (c) FUN (d) OLD

**34.** You are an administrator and members of your staff are inexperienced. They do not work efficiently as per norms. You loose your temper and to avoid that aggression, what will you do ?

(a) You will be annoyed towards staff.

(b) You will transfer them to different departments.

(c) You will breathe for a while and channelize your energy in different tasks.

(d) You will ignore it.

**28.** आपका बॉस बहुत सख़्त है व हमेशा आपकी दिन–प्रतिदिन की गतिविधियों पर नज़र रखता है, जो बात आपको परेशान करती है । आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी ?

(a) आप सीधे अपने बॉस से बात करेंगे कि इस प्रकार नज़र ना रखें ।

(b) आप अपने बॉस से विनम्रता से बात करेंगे ।

(c) आप अपने बॉस के सभी नकारात्मक कृत्यों को नज़रअंदाज कर देंगे एवं अनभिज्ञता दिखाएँगे ।

(d) आप सिर्फ अपने कार्य पर ही केन्द्रित रहेंगे ।

**29.** दृश्य स्मृति प्रणाली का कौन सा भाग चिंगारी की तरह एक क्षणिक दृश्य छवि को बहुत थोड़े समय तक रखने के लिए जिम्मेदार है ?

(a) दृश्यात्मक स्मृति
(b) अल्पकालिक स्मृति
(c) कार्यकारी स्मृति
(d) प्रतिध्वन्यात्मक स्मृति

**30.** "कार्यालय के बॉस होने के नाते आपके एक अधीनस्थ कर्मचारी ने आपके कार्यालय के कर्मचारियों के भावनात्मक कल्याण के प्रति आपकी अज्ञानता की आलोचना की है ।" निम्नलिखित में से कौन सी रचनात्मक चिन्तन की निकटतम प्रतिक्रिया होगी ?

(a) आप टिप्पणी पर ध्यान नहीं देंगे ।

(b) आप इस विषय का समाधान खोजने हेतु एक बैठक बुलाएँगे ।

(c) आप सम्बन्धित उक्त कर्मचारी को सज़ा देंगे ।

(d) आप इस ऑफिस को बदलने के बारे में सोचने लगेंगे ।

**31.** यदि "सभी पक्षी उड़ सकते हैं" असत्य है, तो क्या सत्य हो सकता है ?

(a) कोई भी पक्षी नहीं उड़ सकता ।
(b) कुछ पक्षी नहीं उड़ सकते ।
(c) सभी पक्षी चल सकते हैं ।
(d) पक्षी कीड़े हैं ।

**32.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाता है, तो 13वें और 25वें अक्षर के मध्य में कौन सा अक्षर आयेगा ?

(a) H (b) I (c) G (d) M

**33.** सही विकल्प को चुनिये जो शृंखला को पूरा करेगा :

ACT, EGG, INK, _____

(a) BYE (b) DIP (c) FUN (d) OLD

**34.** आप एक प्रशासक हैं और आपके स्टाफ के सदस्यों का अनुभव बहुत कम है । वे क्षमतापूर्वक नियमानुसार काम नहीं करते । आप अपना आपा खो बैठते हैं और इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आप क्या करेंगे ?

(a) आप कर्मचारियों से नाराज होंगे ।

(b) आप उनका तबादला दूसरे विभागों में कर देंगे ।

(c) आप गहरी साँस लेंगे व दूसरे कार्य में अपनी ऊर्जा का निर्वाहन करेंगे ।

(d) आप उसकी उपेक्षा करेंगे ।

**35.** Rahul ranked ninth from the top and thirty eighth from the bottom in his class. How many students are there in his class ?

(a) 45 (b) 46 (c) 47 (d) 48

**36.** Babita walks 5 metre towards East and then turns left and walks 6 metre. Again, she turns right and walks 9 metre. Finally, she turns to her right and walks 6 metre. How far is she from the starting point ?

(a) 12 metre (b) 13 metre (c) 14 metre (d) 11 metre

**37.** The missing alphabet in the figure

| | | |
|---|---|---|
| F | J | N |
| M | Q | U |
| O | S | ? |

is :

(a) U (b) W (c) X (d) Y

**38.** The angle between two hands of a clock at 40 minutes past 3, is :

(a) 140 (b) 130 (c) 120 (d) 150

**39.** Five men A, B, C, D and E read a newspaper. Among those who reads first he gives it to C and who reads in the last he takes it from A. E was neither first nor last person to read the newspaper. There were two persons between B and A. Then B gave the newspaper to whom ?

(a) A (b) C (c) D (d) E

**40.** If the unit digit in product of (459 × 46 × 28⊛ × 484) is 2, then the digit in place of '⊛' is :

(a) 3 (b) 5 (c) 7 (d) 9

**41.** What will be the remainder when $(9^6 + 1)$ will be divided by 8 ?

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 7


**42.** The sum of three non-divisible numbers is 100. If one of them exceeds another by 36, then one of the number is :

(a) 7 (b) 29 (c) 41 (d) 67

**43.** In a group of cows and hens, the number of legs are 14 more than twice the number of heads. Then the number of cows is :

(a) 12 (b) 10 (c) 7 (d) 5

**44.** Insert the missing number in the following figure :




(a) 13 (b) 17 (c) 24 (d) 30

**35.** राहुल का अपनी कक्षा में ऊपर से नौवाँ एवं नीचे से अड़तीसवाँ स्थान है, तो उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं ?

(a) 45 (b) 46 (c) 47 (d) 48

**36.** बबीता 5 मीटर पूर्व दिशा में चली फिर बायीं ओर घूमी और 6 मीटर चली । पुन: वह दायीं ओर घूमी और 9 मीटर चली । अन्त में वह अपने दायीं ओर घूमकर 6 मीटर चली । अब वह अपने प्रारम्भिक बिन्दु से कितनी दूर है ?

(a) 12 मीटर (b) 13 मीटर (c) 14 मीटर (d) 11 मीटर

**37.** आकृति

| | | |
|---|---|---|
| F | J | N |
| M | Q | U |
| O | S | ? |

में विलुप्त अक्षर है :

(a) U (b) W (c) X (d) Y

**38.** 3 बजकर 40 मिनट पर घड़ी की दोनों सुइयों के बीच का कोण है :

(a) 140 (b) 130 (c) 120 (d) 150

**39.** पाँच पुरुषों A, B, C, D और E ने एक समाचार-पत्र पढ़ा । इनमें से जो पहले पढ़ता है वह उसे C को देता है एवं जो अन्त में पढ़ता है वह A से लेता है । E समाचार–पत्र पढ़ने वाला प्रथम एवं अन्तिम व्यक्ति नहीं था । B और A के बीच में दो व्यक्ति थे । तब, B ने समाचार-पत्र किसको दिया ?

(a) A (b) C (c) D (d) E

**40.** यदि (459 × 46 × 28⊛ × 484) के गुणनफल का इकाई अंक 2 है, तो '⊛' के स्थान पर आने वाला अंक है :

(a) 3 (b) 5 (c) 7 (d) 9

**41.** जब $(9^6 + 1)$ को 8 से विभाजित किया जायेगा, तो शेषफल होगा :

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 7


**42.** तीन अभाज्य संख्याओं का योग 100 है । यदि उनमें से एक संख्या दूसरी से 36 अधिक है, तो उनमें से एक संख्या है :

(a) 7 (b) 29 (c) 41 (d) 67

**43.** गायों और मुर्गियों के एक समूह में, पैरों की संख्या सिरों की संख्या के दोगुने से 14 अधिक है । तब गायों की संख्या है :

(a) 12 (b) 10 (c) 7 (d) 5

**44.** निम्नलिखित आकृति में विलुप्त संख्या भरें :




(a) 13 (b) 17 (c) 24 (d) 30

**45.** The sum of the ratio of LCM and HCF of the numbers 12, 18, 30 is :

(a) 15 (b) 17 (c) 29 (d) 31

**46.** The sum of 16 terms of the series $\sqrt{2} + \sqrt{8} + \sqrt{18} + \sqrt{32} + .....$ is :

(a) $120\sqrt{2}$ (b) $136\sqrt{2}$ (c) 136 (d) $272\sqrt{2}$

**47.** The sum of 51 terms of the series $\left(1-\frac{1}{51}\right)+\left(2-\frac{2}{51}\right)+\left(3-\frac{3}{51}\right)+...$ is :

(a) 1300 (b) 1325 (c) 1326 (d) 1378

**48.** Sum of the series $2^2 + 4^2 + 6^2 + ..... + 50^2$ is :

(a) 5525 (b) 22100 (c) 16575 (d) 11050

**49.** The least multiple of 7, which leaves remainder of 4, when divided by 6, 9, 15 and 18 is :

(a) 94 (b) 184 (c) 274 (d) 364

**50.** The number of natural numbers between 1 and 200 which are divisible by both 2 and 3 is :

(a) 30 (b) 31 (c) 32 (d) 33

**51.** In which year, Mohal was born ?

**Statement-I :** Mohal at present is 25 years younger to his mother.

**Statement-II :** Mohal's brother who was born in 1964 is 35 years younger to his mother.

(a) Statement-I alone is sufficient while Statement-II alone is not sufficient.

(b) Statement-II alone is sufficient while Statement-I alone is not sufficient.

(c) Either Statement-I or Statement-II is sufficient.

(d) Both the Statements-I and II are sufficient.

**52.** Point of intersection of two ogives is known as :

(a) 3rd quartile (b) 5th decile (c) 40th percentile (d) Mode

**53.** What is the range of a grouped dataset ?

**Statement-I :** The class intervals are from 10-20 to 60-70.

**Statement-II :** The highest frequency is in class interval 30-40.

(a) Both the Statements-I and II are sufficient together.

(b) Statement-II alone is sufficient.

(c) Statement-I alone is sufficient.

(d) None of the statements is sufficient.

**54.** The smallest 4-digit number which when divided by 5, 7, 13 gives a remainder of 3, 5, 11 respectively is :

(a) 1173 (b) 1363 (c) 1073 (d) 1238

**45.** संख्याओं 12, 18, 30 के LCM और HCF के अनुपात का योग है :

(a) 15 (b) 17 (c) 29 (d) 31

**46.** शृंखला $\sqrt{2} + \sqrt{8} + \sqrt{18} + \sqrt{32} + .....$ के 16 पदों का योग है :

(a) $120\sqrt{2}$ (b) $136\sqrt{2}$ (c) 136 (d) $272\sqrt{2}$

**47.** शृंखला $\left(1-\frac{1}{51}\right)+\left(2-\frac{2}{51}\right)+\left(3-\frac{3}{51}\right)+...$ के 51 पदों का योग है :

(a) 1300 (b) 1325 (c) 1326 (d) 1378

**48.** शृंखला $2^2 + 4^2 + 6^2 + .... + 50^2$ का योग है :

(a) 5525 (b) 22100 (c) 16575 (d) 11050

**49.** 7 का सबसे छोटा गुणज कौन सा है जिसको 6, 9, 15 तथा 18 से विभाजित करने पर शेष 4 बचता है ?

(a) 94 (b) 184 (c) 274 (d) 364

**50.** 1 से 200 तक कितनी प्राकृतिक संख्याएँ हैं जो 2 तथा 3 दोनों से विभाजित होती हैं ?

(a) 30 (b) 31 (c) 32 (d) 33

**51.** मोहल का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

**कथन-I** : मोहल वर्तमान में अपनी माँ से 25 वर्ष छोटा है ।

**कथन-II** : मोहल का भाई, जो 1964 में पैदा हुआ था, अपनी माँ से 35 वर्ष छोटा है ।

(a) कथन-I अकेला पर्याप्त है जबकि कथन-II अकेला पर्याप्त नहीं है ।

(b) कथन-II अकेला पर्याप्त है जबकि कथन-I अकेला पर्याप्त नहीं है ।

(c) या तो कथन-I या कथन-II पर्याप्त है ।

(d) दोनों कथन-I और II पर्याप्त हैं ।

**52.** दो तोरणों का प्रतिच्छेद बिन्दु कहलाता है :

(a) तीसरा चतुर्थांक (b) पाँचवाँ दशांक (c) 40वाँ शतांक (d) बहुलक

**53.** एक समूहबद्ध आँकड़ों की परास क्या है ?

**कथन-I** : वर्ग अंतराल 10-20 से 60-70 तक हैं ।

**कथन-II** : सर्वाधिक आवृत्ति वर्ग अंतराल 30-40 में है ।

(a) दोनों कथन-I और II एक साथ पर्याप्त हैं ।

(b) कथन-II अकेला ही पर्याप्त है ।

(c) कथन-I अकेला ही पर्याप्त है ।

(d) दोनों में से कोई भी कथन पर्याप्त नहीं है ।

**54.** 4 अंकों की सबसे छोटी संख्या जिसे 5, 7, 13 से विभाजित करने पर क्रमशः 3, 5, 11 शेष बचता है, है :

(a) 1173 (b) 1363 (c) 1073 (d) 1238

**55.** If a pie-chart shows five sectors with angles 90º, 60º, 75º, 45º and 90º, then what is the percentage of the sector having an angle of 75º ?

(a) 15% (b) 20.83% (c) 25% (d) 18.75%

**56.** In a line graph, the sales of a company A increases linearly from 100 to 200 units in 5 years. What is the yearly average increase ?

(a) 10 (b) 20 (c) 25 (d) 15

**57.** What is the average of five numbers ?

**Statement-I :** Sum of the five numbers is 225.

**Statement-II :** The largest number is 60.

(a) Only Statement-I is sufficient.

(b) Only Statement-II is sufficient.

(c) Both the Statements-I and II are required.

(d) None of the statements is sufficient.

**58.** A table has missing monthly data for April. If the average of January to May is 40 and values for January, February, March and May are 30, 45, 35 and 50 respectively, then what is the value for April ?

(a) 35 (b) 40 (c) 45 (d) 50

**59.** The number of Science, Arts and Commerce graduates working in a company are 300, 700 and 500 respectively. If the figures are represented by a pie-chart, then what is angle corresponding to Science graduates ?

(a) 36º (b) 72º (c) 120º (d) 168º

**60.** What day is on the fourteenth of a given month ?

**Statement-I :** The last day of the month is a Wednesday.

**Statement-II :** The third Saturday of the month was seventeenth.

(a) Statement-II alone is sufficient to answer the question.

(b) Both the statements are not sufficient to answer the question.

(c) Statement-I alone is sufficient to answer the question.

(d) Both statements are needed to answer the question.

**61.** Which of the following statements is/are sufficient to find the answer of the question that Ajit, Krishna and Amrish distribute their profit in what proportion ?

**Statement-I :** Ajit gets $2/5^{th}$ of the profit.

**Statement-II :** 75% of the total investment is made by Krishna and Amrish.

(a) Statement-I alone is sufficient.

(b) Statement-I & II both are sufficient.

(c) Statement-II alone is sufficient.

(d) Both the Statements-I & II together are not sufficient.

**55.** यदि एक पाई–चार्ट में पाँच खण्ड हैं जिनके कोण हैं 90°, 60°, 75°, 45° और 90°, तो 75° कोण वाले खण्ड का प्रतिशत क्या है ?

(a) 15% (b) 20.83% (c) 25% (d) 18.75%

**56.** एक रेखा आलेख में, कम्पनी A की बिक्री 5 वर्षों में 100 से 200 इकाइयों तक रैखिक रूप से बढ़ती है । औसत वार्षिक वृद्धि क्या है ?

(a) 10 (b) 20 (c) 25 (d) 15

**57.** पाँच संख्याओं का औसत क्या है ?

**कथन-I** : पाँचों संख्याओं का योग 225 है ।

**कथन-II** : सबसे बड़ी संख्या 60 है ।

(a) केवल कथन-I पर्याप्त है ।
(b) केवल कथन-II पर्याप्त है ।
(c) दोनों कथन-I और II आवश्यक हैं ।
(d) दोनों में से कोई भी कथन पर्याप्त नहीं है ।

**58.** एक सारणी में अप्रैल का मासिक आँकड़ा लुप्त है । यदि जनवरी से मई तक का औसत 40 है और जनवरी, फरवरी, मार्च और मई के मान क्रमशः 30, 45, 35 और 50 हैं, तब अप्रैल का मान क्या होगा ?

(a) 35 (b) 40 (c) 45 (d) 50

**59.** किसी कम्पनी में काम करने वाले विज्ञान, कला और वाणिज्य स्नातकों की संख्या क्रमश: 300, 700 और 500 है । यदि इन आँकड़ों को पाई–चार्ट द्वारा दर्शाया जाए, तो विज्ञान स्नातकों के लिए कोण क्या होगा ?

(a) 36° (b) 72° (c) 120° (d) 168°

**60.** किसी दिये गये महीने की चौदहवीं तारीख को कौन सा दिन है ?

**कथन-I** : महीने का आख़िरी दिन बुधवार है ।

**कथन-II** : महीने का तीसरा शनिवार सत्रहवीं तारीख को था ।

(a) कथन-II अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है ।
(b) दोनों कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं ।
(c) कथन-I अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है ।
(d) दोनों कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं ।

**61.** निम्नलिखित कथनों में कौन इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है/हैं कि अजीत, कृष्णा और अमरीश अपने लाभ को किस अनुपात में बाँटेंगे ?

**कथन-I** : अजीत को लाभ का 2/5 हिस्सा मिलता है ।

**कथन-II** : कृष्णा और अमरीश कुल निवेश का 75% हिस्सा लगाते हैं ।

(a) कथन-I अकेला ही पर्याप्त है ।
(b) कथन-I और II दोनों पर्याप्त हैं ।
(c) कथन-II अकेला ही पर्याप्त है ।
(d) दोनों कथन-I और II एक साथ मिलकर पर्याप्त नहीं हैं ।

**62.** In the following :

Roof, Homes, Males, Time


odd-one is :





(a) Time (b) Homes (c) Males (d) Roof

**63.** Which word will come on the place of question-mark (?) ?

Vigilant : Alert : : Viable : ?

(a) Active (b) Gentle (c) Feasible (d) Useful

**64.** The mirror image of the figure  (mirror) is :

(a)  (b)  (c)  (d) 

**65.** Mirror is related to reflection in the same way as water is related to :

(a) Conduction (b) Dispersion (c) Immersion (d) Refraction

**66.** ISLAND is related to OCEAN in the same way as OASIS is related to :

(a) DESERT (b) FIELD (c) HILLS (d) FOREST

**67.** Select the number-triad that is analogous to the given triads :

(60, 12, 84), (115, 20, 59)

(a) (50, 15, 40) (b) (64, 8, 65) (c) (112, 45, 72) (d) (216, 40, 89)


**68.** If HIGH = 128 and LOW = 150, then FAR = ?

(a) 100 (b) 141 (c) 75 (d) 99

**69.** If speed of a train is 120 km/h and its length is 600 metre, then how much time it will take to cross a pole ?

(a) 12 seconds (b) 18 seconds (c) 15 seconds (d) 20 seconds

**70.** The mirror image of DL9CG4728  (mirror) is :

(a)  (b)  (c)  (d) 

**62.** निम्नलिखित :

Roof, Homes, Males, Time


में असमान है :





(a) Time (b) Homes (c) Males (d) Roof

**63.** प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर कौन सा शब्द आयेगा ?

Vigilant : Alert : : Viable : ?

(a) Active (b) Gentle (c) Feasible (d) Useful

**64.** आकृति  (दर्पण) का दर्पण प्रतिबिंब है :

(a)  (b)  (c)  (d) 

**65.** दर्पण परावर्तन से उसी प्रकार संबंधित है जैसे पानी संबंधित है :

(a) चालन (b) प्रकीर्णन (c) निमज्जन (d) अपवर्तन

**66.** जिस प्रकार द्वीप का संबंध महासागर से है, उसी प्रकार मरुद्वीप संबंधित है :

(a) रेगिस्तान (b) मैदान (c) पहाड़ (d) वन

**67.** उस संख्या–त्रिक को चुनिए जो दिये गये त्रिकों के समान है :

(60, 12, 84), (115, 20, 59)

(a) (50, 15, 40) (b) (64, 8, 65) (c) (112, 45, 72) (d) (216, 40, 89)

**68.** यदि HIGH = 128 और LOW = 150, तब FAR = ?

(a) 100 (b) 141 (c) 75 (d) 99

**69.** यदि एक रेलगाड़ी की गति 120 किमी प्रति घंटा है और उसकी लम्बाई 600 मीटर है, तो एक खम्भे को पार करने में उसे कितना समय लगेगा ?

(a) 12 सेकण्ड (b) 18 सेकण्ड (c) 15 सेकण्ड (d) 20 सेकण्ड

**70.** DL9CG4728  (दर्पण) का दर्पण प्रतिबिम्ब है :

(a)  (b)  (c)  (d) 

**71.** In a certain code, if DOG = 4157, then CAT will be

(a) 3140 (b) 3120 (c) 3142 (d) 3145

**72.** There are four choices of words with their letters jumbled up, three of them are alike and one is different. Find the odd one out.

(a) THRSI (b) AOTC (c) EOUBSL (d) KTRIS

**73.** Arrange the words given below in a meaningful sequence :

1. Key 2. Door 3. Lock 4. Room 5. Switch on

(a) 5, 1, 2, 4, 3 (b) 4, 2, 1, 5, 3 (c) 1, 3, 2, 4, 5 (d) 1, 2, 3, 5, 4

**74.** In a certain code language, 'HONEST' is written as 'NTRHUU', and 'LABOUR' is written as 'RFFRWS'. How will 'ENOUGH' be written in that language ?

(a) KSRYIJ (b) KSSYJI (c) KSSYII (d) KSSXII

**75.** If 'LION' is written as 'KHNM', then in the same way, how 'TIGER' will be written ?

(a) SHFDQ (b) SHFDR (c) SHGDR (d) SIFDQ

**76.** If ÷ implies +, – implies ÷, × implies – and + implies ×, then the value of $\frac{(36 \times 4) - 8 \times 4}{4 + 8 \times 2 + 16 \div 1} = ?$

(a) 0 (b) 8 (c) 12 (d) 16

**77.** What is the seventh number in the following sequence ?


5, 9, 16, 29, 54, 103, ?

(a) 300 (b) 200 (c) 150 (d) 330

**78.** Choose the number pair which is different from others :

(a) 12 : 37 (b) 7 : 22 (c) 8 : 27 (d) 15 : 46

**79.** The number of triangles in the given figure is :



(a) 14 (b) 15 (c) 18 (d) 22

**80.** A pair of words is given, followed by four pairs of words as alternative. Choose the pair in which the words bear the same relationship as the words of given pair bear.

CHALK : BLACK BOARD

(a) INK-PEN : PAPER (b) TABLE : CHAIR

(c) DOOR : HANDLE (d) TYPE : PAINT

**71.** यदि एक कूट में DOG = 4157, तो CAT होगा

(a) 3140 (b) 3120 (c) 3142 (d) 3145

**72.** चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें शब्दों के अक्षर उलट-पुलट हैं, इन चारों में से तीन एक जैसे हैं और एक अलग है । भिन्न विकल्प को पता करें ।

(a) THRSI (b) AOTC (c) EOUBSL (d) KTRIS

**73.** नीचे दिये गये शब्दों को सार्थक क्रम में व्यवस्थित करें :

1. चाबी 2. दरवाज़ा 3. ताला 4. कमरा 5. स्विच ऑन

(a) 5, 1, 2, 4, 3 (b) 4, 2, 1, 5, 3 (c) 1, 3, 2, 4, 5 (d) 1, 2, 3, 5, 4

**74.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'HONEST' को 'NTRHUU' लिखा जाता है और 'LABOUR' को 'RFFRWS' लिखा जाता है । उस भाषा में 'ENOUGH' को कैसे लिखा जायेगा ?

(a) KSRYIJ (b) KSSYJI (c) KSSYII (d) KSSXII

**75.** यदि 'LION' को 'KHNM' लिखा जाता है, तो उसी प्रकार 'TIGER' को कैसे लिखा जायेगा ?

(a) SHFDQ (b) SHFDR (c) SHGDR (d) SIFDQ

**76.** यदि $\div$ का अर्थ +, – का अर्थ $\div$, $\times$ का अर्थ – और + का अर्थ $\times$ है, तो $\frac{(36\times4)-8\times4}{4+8\times2+16\div1} = ?$

(a) 0 (b) 8 (c) 12 (d) 16

**77.** निम्नलिखित श्रेणी में सातवीं संख्या क्या है ?


5, 9, 16, 29, 54, 103, ?

(a) 300 (b) 200 (c) 150 (d) 330

**78.** वह संख्या युग्म चुनें जो अन्य से भिन्न है :

(a) 12 : 37 (b) 7 : 22 (c) 8 : 27 (d) 15 : 46

**79.** दी गई आकृति में त्रिभुजों की संख्या है :



(a) 14 (b) 15 (c) 18 (d) 22

**80.** शब्दों का एक युग्म दिया गया है, उसके बाद विकल्पों के रूप में शब्दों के चार युग्म दिए गए हैं । उस युग्म को चुनें जिसमें शब्दों के बीच वैसा ही संबंध हो जैसा दिये गये युग्म के शब्दों के बीच है ।

खड़िया : श्यामपट्ट

(a) स्याही-कलम : कागज (b) मेज : कुर्सी

(c) दरवाज़ा : हैंडल (d) टाईप : पेंट

## UNIT-2/खण्ड-2

निम्नलिखित अपठित गद्यांश के आधार पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्रश्न संख्या **81-83**)

यह कहना एक भूल है कि इच्छा, असन्तोष, लोभ इत्यादि के कारण मनुष्य आगे बढ़ने को प्रेरित होता है तथा समृद्धि प्राप्त करता है । वास्तव में इच्छा, असन्तोष, लोभ इत्यादि के कारण समाज में शोषण, कुटिलता, अत्याचार, भोगवृत्ति एवं अशान्ति को प्रोत्साहन मिलता है । लोभ के कारण एक मिल खोलकर शोषण की चक्की चलायी जाती है । हमें इच्छाओं का दमन नहीं करना है, बल्कि उनका उदात्तीकरण करना है, शमन करना है, उन्हें स्वस्थ दिशा देनी है । सत्पुरुष कर्त्तव्य भावना से प्रेरित होते हैं, आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त करते हैं एवं नि:स्वार्थ तथा इच्छामुक्त होकर भी धीरे-धीरे साहसपूर्वक कर्म करते हुए उन्नति को स्वत: प्राप्त होते हैं । आदर्शों की कीमत पर, आदर्शों को छोड़कर उन्नत पद प्राप्त करना सत्पुरुषों को शोभा नहीं देता । सत्पुरुष उज्ज्वल भविष्य के लिए योजना बनाकर प्रयत्न करते हुए महोच्च आदर्शों को आँखों से ओझल नहीं होने देते । यदि साधक पदोन्नति, धन अथवा सत्ता प्राप्त करता है तो व्यक्तिगत इच्छा की तृप्ति के लिए नहीं, प्रत्युत् परोपकार के लिए, मानवमात्र की सेवा के लिए, ईश्वर की प्रसन्नता के लिए । यही है इच्छाओं का उदात्तीकरण । साधक का कर्त्तव्य है कि अपने और अपने समाज में भले के लिए व्यक्तिगत इच्छाओं से ऊपर उठ जाय ।

**81.** इच्छा, असन्तोष और लोभ के कारण समाज में क्या होता है ?
(a) विकास (b) शोषण (c) परोपकार (d) उन्नति

**82.** साधक धन और सत्ता किसलिए प्राप्त करता है ?
(a) मानवमात्र की सेवा के लिए
(b) भोगवृत्ति के लिए
(c) व्यक्तिगत इच्छा की तृप्ति के लिए
(d) अपनी समृद्धि के लिए

**83.** गद्यांश का उचित शीर्षक है –
(a) इच्छाओं का दमन
(b) इच्छाओं की तृप्ति
(c) इच्छामुक्ति
(d) इच्छाओं का उदात्तीकरण

**84.** 'उज्ज्वल' शब्द का विलोम है –
(a) धूमिल (b) काला (c) श्याम (d) निकृष्ट

**85.** सत्पुरुष किसे आँखों से ओझल नहीं होने देते ?
(a) इच्छा को (b) प्रसन्नता को (c) ईश्वर को (d) महोच्च आदर्शों को

**86.** किस शब्द में 'प्र' उपसर्ग है ?
(a) प्रत्येक (b) प्रस्थान (c) प्रत्यक्ष (d) प्रत्युपकार

**87.** 'अत्युत्तम' शब्द में कौन सी स्वर-संधि है ?
(a) गुण स्वर-संधि (b) वृद्धि स्वर-संधि (c) यण् स्वर-संधि (d) अयादि स्वर-संधि

**88.** 'भरी गगरिया चुपके जाय' लोकोक्ति का अर्थ है –
(a) ज्ञानी आदमी गम्भीर होता है ।
(b) जब आवश्यकता नहीं होती तब अच्छी चीज भी बुरी लगती है ।
(c) चुप्पा बहुत चालाक होता है ।
(d) बहुत ही मन्द गति से कार्य होना ।

**89.** इनमें विलोम शब्द-युग्म नहीं है –
(a) उदासीन – आसक्त (b) उद्यमी – आलसी (c) कठोर – कोमल (d) लघु – स्थूल

**90.** 'सेनापति' शब्द में समास है –
(a) करण तत्पुरुष (b) सम्बन्ध तत्पुरुष (c) अपादान तत्पुरुष (d) अधिकरण तत्पुरुष

**91.** इनमें देशज शब्द है –
(a) सौत (b) भात (c) खिचड़ी (d) खीर

**92.** 'पठनीय' शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?
(a) अनीय (b) ईय (c) ईन (d) य

**93.** 'धन' शब्द का पर्यायवाची है
(a) प्रारब्ध (b) अचला (c) द्रव्य (d) निधान

Read the passage given below and answer the questions that follow : (Q. No. **94-96**)

There is afterall a certain analogy between action control and political liberty. Having some degree of control over our lives gives us a certain independence within nature - an independence that sticks and stones, and perhaps even the lower animals, do not have. We are not dictated to and driven by nature, but stand within the universe rather as citizens do within a free government or state - a state that allows its citizens, a measure of political liberty, and in particular some share in the determination of what happens to them. Like a free state, nature too leaves a part atleast of our lives to us to direct. Nature, too, grants us a measure of liberty.

**94.** What does the passage suggest about the relationship between nature and humans ?

(a) Nature restricts human freedom.
(b) Humans have full control over their lives.
(c) Nature grants humans a measure of liberty similar to political freedom.
(d) Humans are controlled by nature.

**95.** According to the passage, how are humans different from nature and animals ?

(a) Humans are dictated by nature.
(b) Humans have more control over their lives than animals.
(c) Animals have more freedom than humanity.
(d) Humans and animals are uncontrolled creatures.

**96.** What analogy does the passage make regarding action control ?

(a) Action control is a natural instinct.
(b) Action control is similar to government regulation.
(c) Action control is similar to political liberty.
(d) Action control is like physical strength.

**97.** Choose the correct antonym of Relinquish :

(a) Abdicate (b) Renounce (c) Possess (d) Deny

**98.** What does 'dearth' most nearly mean ?

(a) Abundance (b) Scarcity (c) Vogue (d) Deport

**99.** Choose the correct one-word substitution for the following description :

'A person who is excessively talkative'

(a) Prodigy (b) Loquacious (c) Pessimist (d) Stoic

**100.** Choose the correct synonym of Fallacy :

(a) False opinion (b) Deep fall (c) Dream (d) Death

---

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**